भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय

10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110124

<u>परीक्षा अनुभाग</u>

सं.204/18-परीक्षा/पदोन्नति एएओ से सीनियर एओ/2020
दिनांक:05/04/2023

सेवा में

भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष
(ई-मेल सूची के अनुसार)

विषयः वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी/वरिष्ठ लेखा अधिकारी के रूप में पदोन्नति के लिए सूचीबद्ध एएओ की प्रशिक्षणान्त परीक्षा और वरिष्ठ लेखापरीक्षकों/वरिष्ठ लेखाकारों की प्रशिक्षणान्त परीक्षा पर सहायक पर्यवेक्षक के पद पर पदोन्नति हेतु

महोदया/महोदय,

मुख्यालय के प्रशिक्षण प्रभाग, ईमेल परिपत्र संख्या 329/प्रशिक्षण प्रभाग/373/2023 दिनांक 20/03/2023 के अनुसार, पैनल वर्ष 2024 में वरिष्ठ ले.अ. के रूप में पदोन्नति के लिए सूचीबद्ध स.ले.प.अ. और वरिष्ठ लेखा परीक्षकों/वरिष्ठ लेखकारों की सहायक पर्यवेक्षक के रूप में पदोन्नति के लिए प्रशिक्षण क्रमशः 31/05/2023 एवं 20/06/2023 को पूर्ण किया जायेगा।

2. तदनुसार, वरिष्ठ ले.अ. के रूप में पदोन्नति के लिए एएओ की प्रशिक्षणान्त परीक्षा **07/06/2023 को सुबह 11 बजे से दोपहर 01 बजे** तक और वरिष्ठ लेखा परीक्षकों/वरिष्ठ लेखाकारों की सहायक पर्यवेक्षक के पद पर पदोन्नति हेतु प्रशिक्षणान्त परीक्षा दिनांक **05/07/2023 को प्रातः 11 बजे से अपराहन 01 बजे** तक आयोजित की जायेगी।

3. संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा तय की जाने वाली स्थानीय स्थिति/बुनियादी ढांचे के अनुसार परीक्षा ऑफलाइन/ऑनलाइन आयोजित की जा सकती है। कोविड-19 की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार/राज्य सरकारों द्वारा समय-समय पर जारी किए गए प्रोटोकॉल/दिशानिर्देशों, यदि कोई हो, का सख्ती से पालन किया जाए।

4. उम्मीदवार जहां तैनात है, वही से परीक्षा में शामिल होंगे, बशर्ते कि उस स्टेशन पर आईएएंडएडी का कार्यालय हो। उम्मीदवार और कार्यालय उसी के अनुसार एक दूसरे के साथ समन्वय करेंगे।

5. एएओ के लिए परीक्षा के प्रश्नपत्र विभागाध्यक्षों/नामित अधिकारियों को उनके व्यक्तिगत ईमेल आईडी पर दिनांक 06/06/2023 को दोपहर 12 बजे तक तथा वरिष्ठ लेखा परीक्षकों/वरि. लेखाकारों को दिनांक 04/07/2023 को दोपहर 12 बजे तक भेजे जाएंगे। यदि किसी को इन तिथियों को दोपहर 02 बजे तक प्रश्नपत्र प्राप्त नहीं होते हैं तो अधोहस्ताक्षरी से तत्काल संपर्क किया जा सकता है।

6. सिविल, वाणिज्यिक, रक्षा, एफ एंड सी (पी एंड टी), रेलवे लेखापरीक्षा और लेखा शाखाओं के प्रश्न पत्र सभी कार्यालयों को उपलब्ध कराए जाएंगे। वे अपनी जरूरत के हिसाब से डाउनलोड कर सकते हैं। यदि किसी कार्यालय को किसी प्रश्न पत्र की आवश्यकता नहीं है, तो वे इसे अनदेखा कर सकते हैं।

5. परीक्षा के समापन के बाद उत्तर कुंजी प्रदान की जाएगी।

भवदीय,

(हीरक बागची)
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी/परीक्षा
9899833460
saoexam@cag.gov.in